एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| बरेली |

सोमवार, 2 नवंबर 2026, वर्ष 7,

PAGE NO: 06 MIDDLE

ठुमरी की तान पर कथक की कदमताल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम कथक प्रस्तुति 'रहस' के नाम रही। ठुमरी की तान पर कथक गुरुओं और विद्यार्थियों ने नृत्य के ऐसे रंग बिखेरे की देखने वाले मुग्ध हो गए।

आरंभ मोहे पनघट पे नन्दलाल से हुआ जिसमें कथक के विद्यार्थियों ने नृत्य से समां बांध दिया। गौरिका, नायरा, नितारा, करुणया, मीरा, अनुभूति, नित्या अग्रवाल, गौरवी, गुरनूर, खुशी, वर्णिका, बबिता, दीक्षा, जाह्नवी, नीरू, निकिता, डॉली, अपूर्वा, शोखी, मधुर, अनाया, पर्णिका, अनिका, जोया, गायनवी, गौरा, अवियाना, आयत, समृद्धि, इक्शा, त्रिज्ञानशि, काइरा, विवक्षा, समृद्धि, नित्या ढींगरा, वैदेही, प्रकृति, ऋत्विका, नूपुर, सपना, नियति, सुषमा, तृप्ता, क्षमा ने अद्भुत



प्रदर्शन किया। सवार गिरधर मोरे, सब बनठन आई श्याम, कहे करात मोसे, डगर चालत देखो श्याम पर ऐसी कदमताल की कि लोग वाह-वाह कर उठे।

कथक गुरु देवज्योति नस्कर ने बिहारी को आपने बस कर पाऊं पर अपनी प्रस्तुति दी। कथक गुरु रियाश्री चटर्जी ने लट उलझी पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। गीत

• रिद्धिमा में कथक प्रस्तुति 'रहस' का किया गया आयोजन

कहे छेड़ पर अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन कर देविशा मूर्ति ने मुग्ध कर दिया। कथक गुरु अंशु कुमार शर्मा और विद्यार्थियों ने चंचल चपल चतुर नार पर कई रंग बिखेरे। प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा के सुरों पर अमरनाथ (तबला), ऋषभ आशीष पाठक (पखावज), सीमा (सितार), पवन भारद्वाज (हारमोनियम) और ध्रुव त्रिपाठी ने सारंगी पर संगत की। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋषा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा, डा. निर्मल यादव, डा.एमएस बुटोला, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार, डा.शैलेश सक्सेना, डा.रीता शर्मा आदि मौजूद रहे।